# युवराज न्यूज़ टुडे

NEWS TODAY Update

RNI:- BIHHIN05409

www.newstodayupdate.in

राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक

आपकी आवाज़

वर्ष : 06 अंक : 10+21 तिथि : 21 जून 2020 मूल्य : निःशुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना – 9471005272, 8210595830

email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in

रजि० कार्यालय : अष्टाना निवास, महिया निराज, मोतिहारी-845401

समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 9471005272


## न्यूज़ टुडे लॉक डाउन स्पेशल रोजाना अंक

## एलएसी पर तैनात सभी कमांडरों को इस बात की पूरी आजादी दी गई है कि वे हालात को संभालने के लिए सामरिक स्तर पर कोई भी कार्रवाई कर सकते हैं, जवानों की छुट्टियां रद्द



न्यूज टुडे एक्सक्लूसिव :




डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,
न्यूज टुडे मीडिया समूह

गलवान घाटी में चीन की सेना के साथ हिंसक झड़प में 20 भारतीय जवानों की शहादत के बाद सेना ने युद्ध के नियम (रूल ऑफ इंगेजमेंट) में एक अहम बदलाव किया है। इसके तहत वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तैनात सभी कमांडरों को इस बात की पूरी आजादी दी गई है कि वे हालात को संभालने के लिए सामरिक स्तर पर कोई भी कार्रवाई कर सकते हैं। नाम ना बताने की शर्त पर दो वरिष्ठ अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने कहा कि एलएसी पर तैनात सभी कमांडर अब हथियारों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध के नियम से बाध्य नहीं होंगे और उन्हें पूरा अधिकार होगा कि वे ''असाधारण स्थितियों'' से निपटने के लिए सभी संसाधनों का उपयोग करें। वहीं जवानों की छुट्टियां रद्द कर उन्हें अपने पोस्ट पर पहुँचने का आदेश दिया गया है।

पूर्वी लद्दाख में भारत–चीन सेनाओं के बीच गतिरोध कम करने के प्रयासों के बीच गत सोमवार (15 जून) को गलवान घाटी में तीन घंटे तक दोनों सेनाओं के बीच चले खूनी संघर्ष में भारतीय सेना के एक कमांडिग अधिकारी (कर्नल) समेत 20 जवान शहीद हो गए थे, जिसके बाद भारतीय सेना को बदलाव करना पड़ा है। सोमवार रात हुई झड़प में चीनी जवानों के मारे जाने की भी पुष्टि की गई है, लेकिन चीन की तरफ से यह नहीं बताया गया है कि उसके कितने सैनिक हताहत हुए हैं। हालांकि कई मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि चीन के भी करीब 40 सैनिक मारे गए हैं या तो जख्मी हुए हैं।

पीएम मोदी ने भी कही थी सेना को छूट की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी शुक्रवार (19 जून) को सर्वदलीय बैठक में राजनीतिक दलों से कहा था कि सेनाओं को यथोचित कार्रवाई के लिए पूरी छूट दी गई है। हमारी सेनाएं, सीमाओं की रक्षा करने में पूरी तरह सक्षम हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत, शांति और मित्रता चाहता है, लेकिन अपनी संप्रभुता की रक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ऐसे में, हमने जहां एक तरफ सेना को अपने स्तर पर उचित कदम उठाने की छूट दी है, वहीं दूसरी तरफ डिप्लोमैटिक माध्यमों से भी चीन को अपनी बात दो टूक स्पष्ट कर दी है। निश्चित तौर पर, चीन द्वारा एलएसी पर जो किया गया है, उससे पूरा देश आहत है, आक्रोशित है। प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष दलों के नेताओं से कहा कि हम सभी देश की सीमाओं की रक्षा में दिन–रात लगे हमारे वीर जवानों के साथ चट्टान की तरह खड़े हैं।

आईटीबीपी के जवानों को वापस बुलाया गया

लद्दाख में चीनी सैनिकों से तनाव के बीच आईटीबीपी के दो हजार अतिरिक्त जवानों को वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के अग्रिम मोर्चों पर तैनात किया जा सकता है, ताकि निगरानी को मजबूत किया जा सके। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। लद्दाख की स्थिति को देखते हुए देश के विभिन्न क्षेत्र में अलग–अलग ड्यूटी कर रहे आईटीबीपी के जवानों को वापस बुलाया जा रहा है। आईटीबीपी सेना के साथ चीन से लगी 3488 किलोमीटर लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालती है। कराकोरम दर्रे से जाचेपला तक 180 से ज्यादा बार्डर गार्डिंग पोस्ट पर आईटीबीपी के जवान तैनात किए जाते हैं। ये चेकपोस्ट लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में आती हैं।

## मानसून की पहली बारिश में ही बिहार की राजधानी पटना के कई इलाकों में जलजमाव होने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अब खुद कमान अपने हाथ में लेने का मन बनाया



पड़ताल




आशीष राज,
स्थानीय संपादक,

मानसून की पहली बारिश में ही बिहार की राजधानी पटना की जो हालत हुई है, उसने सरकार के माथे पर बल ला दिया है। वह भी तब जब यह तो बारिश का सिर्फ ट्रेलर है। जबकि पूरी फिल्म तो आनी अभी बाकी है। राजेंद्र नगर, बहादुरपुर, बेली रोड, पुनाईचक, राजवंशी नगर, पाटलिपुत्र समेत कई इलाकों में जलजमाव हो गया है। इनकम टैक्स चौराहा के पास स्थित विद्युत भवन के कैंपस में भी जलजमाव की स्थिति पैदा हो गई है। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अब खुद कमान अपने हाथ में लेने का मन बना लिया है।

### राजधानी में जलजमाव और जलनिकासी का करेंगे निरीक्षण

पटना में जलजमाव के आसन्न खतरे को देखते हुए खुद सीएम नीतीश कुमार ने आज शुक्रवार को पटना में इससे निपटने के लिए की गई तैयारियों का जायजा लेने का फैसला किया है। वे पटना नगर निगम के सात अलग–अलग क्षेत्रों का दौरा किए। इस दौरान वे पाटलिपुत्र कॉम्प्लेक्स, योगीपुर पंप हाउस और ड्रेनेज, पहाड़ी ड्रेनेज, बादशाही पइन, बस टर्मिनल बैरिया, और गांधी सेतु इलाके में गए।

### अफसरों से आनस्पॉट लेंगे ड्रेनेज का हिसाब-किताब

मुख्यमंत्री 3 घंटे तक इन इलाकों का घूम–घूम कर जलनिकासी का जायजा लिए। गुरुवार की देर रात तक हुई बारिश से पटना के विभिन्न इलाके जलमग्न हो गए हैं। मुख्यमंत्री के निरीक्षण के दौरान सभी वरीय अफसर मौके पर मौजूद थे। मुख्यमंत्री उनसे संप हाउस परिचालन, ड्रेनेज सिस्टम की सफाई आदि की आनस्पॉट जानकारी लिए। उनके साथ नगर विकास विभाग के साथ–साथ बुडको के अधिकारी, पटना नगर निगम के अधिकारी भी मौजूद थे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि योग का साधक कभी संकट में धैर्य नहीं खोता है, हमारी फैमली बाउंडिंग को बढ़ाने का दिन



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस




ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि योग का साधक कभी संकट में धैर्य नहीं खोता है. योग का अर्थ ही है– समत्वम् योग उच्यते. अर्थात, अनुकूलता–प्रतिकूलता, सफलता–विफलता, सुख–संकट, हर परिस्थिति में समान रहने, अडिग रहने का नाम ही योग है. गीता में भगवान कृष्ण ने योग की व्याख्या करते हुए कहा है– 'योगः कर्मसु कौशलम्'अर्थात, कर्म की कुशलता ही योग है.

पीएम मोदी ने कहा कि जब हम योग के माध्यम से समस्याओं के समाधान और दुनिया के कल्याण की बात कर रहे हैं, तो मैं योगेश्वर कृष्ण के कर्मयोग का भी आपको पुनः स्मरण करना चाहता हूं.

**प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे यहां कहा गया है-**

**युक्त आहार विहारस्य, युक्त चेष्टस्य कर्मसु। युक्त स्वप्ना-व-बोधस्य, योगो भवति दुःखहा।।**

**अर्थात, सही खान-पान, सही ढंग से खेल-कूद, सोने-जागने की सही आदतें, और अपने काम, अपनी कर्तव्य को सही ढंग से करना ही योग है.**

पीएम मोदी ने कहा कि हमारे यहां निष्काम कर्म को बिना किसी स्वार्थ के, सभी का उपकार करने की भावना को भी कर्मयोग कहा गया है. कर्मयोग की ये भावना भारत के रग रग में बसी हुई है. एक सजग नागरिक के रूप में हम परिवार और समाज के रूप में एकजुट होकर आगे बढ़ेंगे. हम प्रयास करेंगे कि घर पर योग और परिवार के साथ योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं.हम जरूर सफल और विजयी होंगे.

### कोरोना से लड़ने में मददगार योग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि योग कोरोना से लड़ने में मददगार साबित हो रहा है. उन्होंने देश को संबोधित करते हुए कहा कि छठे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की आप सभी को बहुत–बहुत बधाई और शुभकामनाएं. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का ये दिन एकजुटता का दिन है. ये विश्व बंधुत्व के संदेश का दिन है. बच्चे, बड़े, युवा, परिवार के बुजुर्ग, सभी जब एक साथ योग के माध्यम से जुडते हैं, तो पूरे घर में एक ऊर्जा का संचार होता है.

पीएम ने कहा कि इसलिए, इस बार का योग दिवस, भावनात्मक योग का भी दिन है, हमारी बॉन्डिंग को भी बढ़ाने का दिन है. पीएम मोदी ने कहा कि विश्व बंधुत्व का दिन है. जो हमें जोड़े, साथ लाए वहीं तो योग है. जो दूरियों को खत्म करे वही तो योग है. हमारी फैमली बाउंडिंग को बढ़ाने का दिन है.

प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना की वजह से दुनिया योग की जरूरत को पहले से ज्यादा महसूस कर रही है . हमारी इम्युनिटी स्ट्रांग हो तो इस बीमारी को हराने में मदद मिलती है. अनेक आसान हैं. वो आसन ऐसे हैं जो मेरे शरीर की ताकत को बढ़ाते हैं. कोरोना हमारे रेस्परटरी सिस्टम पर अटैक करता है. प्राणायम से इस बीमारी से लड़ने में मदद मिलती है. सामान्य तौर पर अनुलोम विलोम प्रणायम सभी करते हैं. लेकिन प्रणायाम कई तरह के होते हैं.

पीएम मोदी ने कहा कि कोविड–19 वायरस खासतौर पर हमारे श्वसन तंत्र, यानि कि रेस्परट्री सिस्टम पर अटैक करता है. हमारे रेस्परट्री सिस्टम को स्ट्रांग करने में करने में जिससे सबसे ज्यादा मदद मिलती है वो है प्राणायाम, यानि कि ब्रीदिंग एक्सरसाइज.

## तुरकौलिया थानाध्यक्ष पर शराब हेराफेरी करने को ले धावा दल ने की छापेमारी, थानाध्यक्ष पर हो सकती है एफआईआर






कार्रवाई




सम्राट,
संवाददाता

बड़ी खबर मोतिहारी से आ रही है जहां,तुरकौलिया थाने में छापेमारी हुई है।छापेमारी की भनक मिलते ही थानेदार थाना छोड़कर फरार हो गया है। मोतिहारी एसपी नवीन कुमार झा के आदेश पर एएसपी मुख्यालय के नेतृत्व में छापेमारी की जा रही है।मिली जानकारी के अनुसार शराब पकड़ने के एक मामले में तुरकौलियाी थाने में छापेमारी हुई है। एएसपी मुख्यालय के नेतृत्व में छापेमारी में हुई है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शराब बरामद होने पर केस दर्ज नहीं किए जाने का मामला प्रकाश में आया था। थानाध्यक्ष पर कारोबारी से मिलीभगत का आरोप है।छापेमारी में दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई थी।उकी मौजूदगी में मालखाना सील किया गया है। हालांकि पुलिस के अधिकारी अभी कुछ भी बोलने से इंकार कर रहे हैं।

धावा दल ने नौ घण्टे तक तुरकौलिया थाना में छापेमारी किया। थाना में रखे शराब की एक एक पाउच व बोतल का मिलान किया। करीब 1000 लीटर देशी व विदेशी शराब बगैर जप्ती सूची के मिलने के बाद सुबह चार बजे तक धावा दल कागजी प्रक्रिया कर वापस लौटी। आज एसपी को जांच रिपोर्ट सौंपेगा धावा दल।

विभागीय सूत्रों के अनुसार थानाध्यक्ष नवनीत कुमार पर कार्रवाई तय मानी जा रही है। थानाध्यक्ष पर एफआईआर हो सकती है। अब एसपी के आदेश का सबको इंतजार है। समाचार सम्प्रेषण तक थानाध्यक्ष नवनीत कुमार फरार ही थे।


Yuvaraj Media & Entertainment

बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:

Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर लद्दाख में 18 हजार फीट की ऊंचाई पर आईटीबीपी के जवानों ने किया योग और प्राणायाम

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,




अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर लद्दाख में 18 हजार फीट की ऊंचाई पर आईटीबीपी के जवानों ने योग और प्राणायाम किया. लद्दाख में बर्फ से ढकी सफेद जमीन पर आईटीबीपी जवानों के एक दल ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर योग अभ्यास किया. लद्दाख में जिस जगह पर इन जवानों ने योग किया वहां तापमान जीरो डिग्री से नीचे है. बर्फ की सफेद चादर पर जवानों का योग अभ्यास बेहद मनोरम दृश्य प्रस्तुत कर रहा था.

बता दें कि हाल ही में लद्दाख में ही भारत और चीन की सेना के बीच हिंसक झड़प हुई है. लद्दाख में ही भारत की चीन की सीमा लगी है. इस सीमा की निगरानी आईटीबीपी के जवान करते हैं.

आज योग दिवस के मौके पर बर्फ की सफेद चादर के बीच काला चश्मा लगाए आईटीबीपी के जवानों ने लद्दाख में योग किया. सिक्किम में भी आईटीबीपी के जवानों ने योग और प्राणायाम का अभ्यास किया. तस्वीरों में लद्दाख के मुकाबले सिक्किम में अपेक्षाकृत कम बर्फ दिख रही है. लेकिन यहां का दृश्य बेहद सुंदर नजर आ रहा है. नीले आसमान और बादलों के समागम के नीचे आईटीबीपी के जवानों ने योग किया.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर देश और दुनिया को धैर्य और कर्म का संदेश दिया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि योग का साधक संकट में कभी धैर्य नहीं खोता है. उन्होंने कहा कि योग का अर्थ ही है– समत्वम् योग उच्यते. यानी अनुकूलता–प्रतिकूलता, सफलता–विफलता, सुख–संकट, हर परिस्थिति में समान रहने, अडिग रहने का नाम ही योग है. गीता में भगवान कृष्ण ने योग की व्याख्या करते हुए कहा है– 'योगः कर्मसु कौशलम् अर्थात, कर्म की कुशलता ही योग है.

# ब्रावो फाउंडेशन एवं ब्रावो फार्मा पूर्वी चंपारण के 111 प्रवासी बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराएगा, बुधवार को नगर भवन में आयोजित होगा रोजगार मेला

उपलब्धि



सम्राट, संवाददाता




बिहार श्रम संसाधन विभाग जिला नियोजनालय तथा ब्रावो फाउंडेशन एवं ब्रावो फार्मा के द्वारा पूर्वी चंपारण के प्रवासी भाइयों एवम बहनों के लिए रोजगार मेला का आयोजन दिनांक 24.06.2020 दिन बुधवार को 10 बजे पूर्वाह्न से 4 बजे अपराह्न तक स्थानीय नगर भवन के प्रसाल(टाउन हॉल)मोतिहारी में किया जा रहा है।

ब्रावो फाउंडेशन के मुख्य संरक्षक सह ब्रावो फार्मा के चेयरमैन राकेश पांडेय ने लंदन से बताया कि वैश्विक महामारी कोरोना के कहर के चलते देश के विभिन्न कोने से चम्पारण वापस आये भाइयों व बहनों के लिए यह रोजगार मेला रोजगार के क्षेत्र में सुनहरा अवसर प्रदान करेगा।

श्री पांडेय ने आगे बताया कि रोजगार को 19 विभिन्न श्रेणियों में रखा गया है जिसमें योग्य व अनुभवी अभ्यर्थियों को जरूरी कागजात एवम बॉयोडाटा के साथ रोजगार मेला में ससमय पहुँचने के लिए ब्रावो फाउंडेशनध ब्रावो फार्मा आमंत्रित करता है।

रोजगार के जो 19 श्रेणी हैं वो इस प्रकार से है। कॉल सेंटर रिक्त पद 04, डाटा एंट्री ऑपरेटर 02, डाइटीशियन एंड नूट्रिशनिस्ट 01, ड्राइवर 05, स्किल्ड लेबर 05, इलेक्ट्रीशियन इंगजेड इन कंस्ट्रक्शन 01, सिविल इंजीनियर इन कंस्ट्रक्शन साइट 01, सिविल वर्कर इन कंस्ट्रक्शन 05, फाइन. ंसियल एडवाइजर 01, पैरामेडिकल स्टाफ 03, फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्री वर्कर 06, नर्सेज 03, टेम्परारी अनस्किल्ड वर्कर फॉर कंस्ट्रक्शन 05, फिमेल स्टाफ फॉर मास्क एंड प्रोटेक्टिव गियर 13, सिक्योरिटी सर्विसेज 50, हाइवा ड्राइवर 04, जूनियर साइट इंजीनियर01, ग्रेडर ऑपरेटर01, अस्सिस्टेंट अकाउंट्स 02। उपरोक्त सभी पदों के लिए आगामी बुधवार को सभी रिक्त पदो के योग्य अभ्यर्थियों से बायो डाटा लिया जाएगा तद्नोपरांत तिथी निश्चित कर योग्य उम्मीदवारो को सुचित कर इंटरव्यू के लिय बुलाया जाएगा और योग्य चयनित प्रवासी बेरोजगारो को रोजगार दिया जाएगा।

# सीआपीएफ के इंस्पेक्टर की पत्नी ने गले मे फंदा डाल की खुदखुशी, मृतका की मां ने दर्ज कराई

अपराध



रिंकू गिरी,
संवाददाता




मोतिहारी शहर के चांदमारी मोहल्ले में एक सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर की पत्नी ने गले मे फंदा डाल कर खुदखुशी कर ली है। घटना स्थल से पुलिस ने महिला का एक सुसाइडल नोट भी बरामद किया है। जिसमे उसने अपनी माँ को सम्बोधित करते हुये सास पर खुद को बदनाम करने का आरोप लगाई है। बताया गया है कि मृतका अर्चना मिश्रा जम्मू कश्मीर में तैनात सीआरपीएफ के अद्धिकारी संजय कुमार की पत्नी है।

जिसके आत्म हत्या करने की सूचना शनिवार की सुबह उसकी माँ मुफ्सील थाने के पतौरा निवासी श्रीकांत मिश्रा की पत्नी गायत्री देवी को फोन पर दी गई। गायत्री देवी ने मामले को लेकर बेटी के पति, सास व चार नन्द को आरोपित किया है। जिसमे कहा है कि आरोपितों ने उसकी बेटी की हत्या कर आत्म हत्या का रूप दिया है। 2004 में दोनो की शादी हुई थी , तभी से अर्चना को ससुराल वाले प्रताड़ित करते थे। इसको लेकर कई बार पंचायती भी की गई। बताया जाता है कि शहर के चांदमारी मोहल्ला स्थित दुर्गा मंदिर के समीप संजय कुमार सपरिवार रहते हैं।

शुक्रवार की रात पति पत्नी साथ ही सोए थे। सुबह जब उन्होंने उठकर देखा तो उनकी पत्नी गले में फंदा लगाकर जीवन लीला सम. ाप्त कर चुकी थी ।पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। इस बाबत सदर डीएसपी अरुण कुमार गुप्ता ने बताया है कि सुसाइल्डल नोट के लिखावट की जांच की जाएगी , वही मामले के अन्य विन्दुओ पर भी जांच की जा रही है । जिसके बाद ही इस सम्बंध में स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

# सम्मानित हुए परासर जी महाराज, कहा- राष्ट्रधर्म सर्वोपरि, सरकारी निर्देशों के अनुरूप सोशल डिस्टेंसिंग का करें पालन



सुनील चौधरी,
संवाददाता,




बगहा अनुमंडल के वाल्मीकिनगर में अंतरराष्ट्रीय न्यास स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा स्वरांजलि रिकॉर्डिंग स्टूडियो परिसर में अश्वमेध पीठाधीश्वर स्वामी उपेंद्र पाराशरजी महाराज का सम्मान प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्रम से किया गया। संस्था द्वारा इन दिनों कोरोना काल में विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले विशिष्ट व्यक्तित्व कर्मवीर योद्धा सम्मान से सम्मानित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में श्री पाराशर जी महाराज का सम्मान संस्था के निदेशक डी. आनंद और मैनेजिंग डायरेक्टर संगीत आनंद ने संयुक्त रूप से किया। श्री पाराशर महाराज ने कहा कि राष्ट्रधर्म सर्वोपरि है। हमें सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना चाहिए। हर महीने की पूर्णिमा को आयोजित होने वाली नारायणी गंडकी महाआरती वाल्मीकि धाम और त्रिवेणी धाम की पहचान बनती जा रही है। भव्यता के साथ महा आरती देश का माहौल सामान्य होने पर ही की जाएगी।

विगत 8 वर्षों से संस्था द्वारा घूम घूम कर बेघर, बेसहारे और लावारिस दिव्यांगों को निशुल्क भोजन प्रदान किया जाता है। यह एक सराहनीय कार्य है। दैनिक चलंत दरिद्र नारायण भोज सच्ची सेवा, आस्था और भक्ति का प्रतीक है।

महाराज श्री ने कहा कि कोरोना काल में हमें सरकारी निर्देशों का पालन करना चाहिए। सामाजिक दूरी बिल्कुल जरूरी है। बताते चलें कि संस्कार सुधा ट्रस्ट द्वारा वैश्विक महामारी के इस दौर में विविध धार्मिक, आध्यात्मिक कार्यक्रमों से आम लोगों को कोविड 19 के प्रति जागरूक किया जा रहा है ।

# आशा कार्यकर्ताओं का धरना, चिरैया पूर्व विधायक लक्ष्मी नारायण यादव भी पहुँचे



संतोष राऊत
न्यूज टुडे,




प्रखंड पीएचसी के परिसर में आशा कार्यकर्ताओं ने पदाधिकारियों के तानाशाही रवैये के खिलाफ धरना दिया। आशा कार्यकर्ताओं का कहना था कि पदाधिकारी रुटीन से हटकर भी जबरन कार्य लेते हैं। विश्व वैश्विक महामारी कोरोना वायरस जैसी महामारी में कार्य करने के बावजूद भी उन्हें अभी तक उनका मेहनताना नही मिली है।

वही आशा कार्यकर्ताओं के बुलावे पर पहुँचे चिरैया विधान सभा के राजद के पूर्व विधायक लक्ष्मी नारायण यादव गरीब– गुरुबों व मजदूर–किसानों के दमदार आवाज। उन्होंने कहां की आशा कार्यकर्ताओं के साथ इस तरह का व्यवहार बर्दाश्त नही किया जाएगा। वही राजद की सरकार बनी तो वे आशा कार्यकर्ताओं के लिए मानदेय सुनिश्चित कराने का प्रयास करेंगे।

मौके पर चिरैया प्रखंड के कॉग्रेस अध्यक्ष उमा शंकर यादव, राजद के प्रखंड अध्यक्ष कैलाश ठाकुर, मोहन मुखिया, जयप्रकाश शाह, दीनानाथ यादव, ललन शाह, और ताराचंद्र यादव सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।







# भोजपुरिया सिंगर-एक्ट्रेस अक्षरा सिंह और भोजपुरिया स्टार खेसारी लाल यादव भी पहुंचे सुशांत सिंह के घर, कहा कि सुशांत सिंह एक बेहतरीन इंसान थे. अभिनेता के रूप में भी उसकी कोई सानी नहीं थी. उन पर बिहार-यूपी के लोग फक्र करते थे

विनम्र श्रद्धांजलि



आशीष राज,
स्थानीय संपादक,




भोजपुरी फिल्म के फेमस भोजपुरी सिंगर व एक्ट्रेस अक्षरा सिंह दिवंगत सुशांत सिंह राजपूत के घर पहुंची। शनिवार को पटना स्थित सुशांत के आवास पर उनके पिता केके सिंह से मिलीं। अक्षरा सिंह ने उनके पिता को सांत्वना दी। अक्षरा ने कहा– सुशांत अच्छे इंसान थे। काफी मिलनसार थे। आज हमारे बीच से अच्छा इंसान चला गया। सुशांत के पिता से मिलकर अक्षरा सिंह काफी भावुक हो गई।

दरअसल, बॉलीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत को श्रद्धांजलि एवं उनके परिजनों को सांत्वना देने का सिलसिला जारी है। डेली कोई न कोई उनसे मिलने आ रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को अपराह्न बाद भोजपुरी सिनेमा की मशहूर सिंगर व एक्ट्रेस अक्षरा सिंह ने भी सुशांत सिंह राजपूत के परिजनों से मिलकर दुख व्यक्त किया। अक्षरा सिंह ने सुशांत की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कुछ देर के लिए तस्वीर के आगे अक्षरा सिंह काफी भावुक हो गई। एकटक तस्वीर को निहारती रहीं।

आज ही भोजपुरिया स्टार खेसारी लाल यादव भी सुशांत के घर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि बॉलीवुड में नेपोटिज्म का बोलवाला है। मुंबई में बिहारी प्रतिभाओं की कद्र नहीं की जाती है। भोजपुरी सिने अभिनेता खेसारीलाल यादव ने बॉलीवुड में नेपो. टिज्म को लेकर कहा कि ये नया नहीं है. ये पहले से होता रहा है. खेसारीलाल यादव ने कहा कि क्योंकि मामला अभी जांच प्रक्रिया के तहत है, इसलिए मैं किसी पर भी कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता हूं. लेकिन, इतना जरूर कहूंगा कि मेरे भाई सुशांत सिंह राजपूत के जाने के बाद जो लोग गुस्से का इजहार कर रहे हैं, काश वे पहले ऐसा करते तो मेरा भाई अभी और हमें गौरवा. न्वित कर रहा होता. उन्होंने कहा कि बॉलीवुड में क्या होता है ये सबको पता है. मैं यहां सुशांत सिंह के परिजनों के दुख में शामिल होने आया था. खेसारीलाल यादव के साथ सुशांत सिंह राजपूत के घर फिल्म निर्माता निशांत उज्ज्वल, गीतकार पवन पांडेय और पीआरओ रंजन सिन्हा भी मौजूद रहे. सबों ने सुशांत की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नम आंखों से श्रद्धांजलि दी.







युवराज मीडिया एंड एंटरटेण्मेंट की घोषित चम्पारण की पावन धरती पर बन रही भव्य वेब सीरिज एवं फीचर फिल्म की शुटिंग शीघ्र शुरू होगी । निर्माता:9471005272

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830